Title : Request to restart Rupsi Airport in Kokrajhar constituency

श्री जयन्त बसुमतारी (कोकराझार) : मैडम, आपने मुझे अपने क्षेत्र की समस्या को यहां रखने की सुविधा दी है, मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। मेरा क्षेत्र असम का कोकराझार कॉन्स्टीट्यूएंसी है। उसमें एक रूपसी एयरपोर्ट है, जिसको 49 साल के बाद ऑपरेशनल किया गया है। वर्ष 2021 के बाद इसको ऑपरेशनल किया गया, लेकिन 7 नवंबर, 2023 से यहां पर फ्लाइट नहीं चल रही है। इसको फ्लाईबिग नाम की एक कंपनी ने ऑपरेशनल किया था, लेकिन वर्ष 2023 से यह बंद पड़ा है। यह क्यों बंद पड़ा है, इसका पर्सीवेबल रीज़न नहीं दिया गया है। अब इसको फिर से चालू करना है। अगर फ्लाईबिग इसको चालू नहीं कर पाती है तो इसको एयर इंडिया या इंडिगो कंपनी को चलाने के लिए विभागीय मंत्री से मैं रिक्वेस्ट करता हूं। गुवाहाटी, रूपसी और कोलकाता चलता था, लेकिन अभी यह बंद पड़ा हुआ है। मैं मंत्री महोदय से रिक्वेस्ट करता हूं कि इसको तुरंत चालू किया जाए।